संक्षिप्त

खड़े ट्रक से टकराई स्लीपर बस, 12 लोग घायल

जयपुर। चौमूं में नेशनल हाइवे 52 उदयपुरिया मोड पर शुक्रवार सुबह बीकानेर से जयपुर जा रही स्लीपर कोच बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस चालक रामजीलाल जाट गंभीर घायल हो गया। हादसे में बस में सवार करीब बारह यात्री घायल हुए। हादसे के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को चोमू के बराला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में कुल चालीस यात्री सवार थे। जिनमें से कुछ को मामूली चोटें आईं।क्रेन की मदद से क्षितग्रस्त बस को सड़क से हटाया। यातायात को सुचारू किया गया। जो यात्री ठीक थे, उन्हें दूसरे वाहनों से जयपुर और अन्य गंतव्यों स्थानों के लिए रवाना किया गया।

दलदल में मिला लापता वृद्ध का शव

टोंक। पुलिस थाना झिराना क्षेत्र के जंवाली गांव के लापता वृद्ध कैलाश यादव का शव तकनीकी एवं सघन तरीकों से लगातार चार दिन तक सहोदरा नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन कर दलदल मिट्टी में करीब 50 फीट गहराई तक तलाश कर गुमशुदा के शव को बाहर निकाला। थाना झिराना की विशेष गठित टीम द्वारा उपखण्ड अधिकारी पीपलू, तहसीलदार पीपलू, पीएचईडी एवं पीडब्लूडी विभाग, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से 29 मार्च को गुमशुदा मृतक कैलाश यादव पुत्र प्रताप निवासी जंवाली थाना झिराना को सहोदरा नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन कर मृतक के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर ही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पोक्सो एक्ट प्रकरण में फरार ईनामी अपराधी गिरफ्तार

टोंक। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में राजेश विद्यार्थी वृत्ताधिकारी टोंक ने पुलिस थाना सदर टोंक में दर्ज पोक्सो एक्ट प्रकरण में फरार दो हजार का के ईनामी वांछित अपराधी राजेश गुर्जर पुत्र रामधन जाति गुर्जर उम्र 21 साल निवासी गोठडा हाल मेदारकलॉ थाना मित्रपुरा जिला सवाईमाधोपुर को गठित विशेष टीम द्वारा गिरफ्तार कर वारदात मे प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी बरामद किया गया है।

बैठक शनिवार को

कोटपूतली। कस्बे के भगवान श्री परशुराम मंदिर प्रांगण में शनिवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन की रूपरेखा हेतु बैठक का आयोजन किया जायेगा। भगवान परशुराम मंदिर प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम मंदिर प्रबन्ध कमेटी, नगर ब्राह्मण समाज, तहसील ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को सायं 04 बजे आयोजित होगी।

551 परिंडे बांधने का अभियान शुरू

पीपलू। बगड़वा निवासी शिवदयाल चौधरी ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर 551 परिंडे बांधने की शुरुआत करेंगे। शिवदयाल चौधरी ने बताया कि जिन स्थानों पर परिंदों का ज्यादा बसेरा है। उन स्थानों पर परिंडे बांधे जाएंगे। भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल व्यवस्था करना एक प्रकार का परोपकार का कार्य है। हर नागरिक अपना दायित्व समझकर यह कार्य करें तो गर्मी के मौसम में कोई भी पक्षी प्यासा नहीं रहेगा।

ईद के अवसर पर भाईचारें दिया संदेश

टोंक। ऑल इण्डिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम यूनिट, टोंक के जिला संयोजक मौलाना मोहम्मद वसीम नदवी द्वारा शहर के नागरिकों के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर मौलाना वसीम नदवी द्वारा पंडित पवन सागर, नरसिंह पेट्रोल पंप संचालक एवं बिटटू सैनेट्री वाले को निज आवास पर व्यक्तिगत रूप से मिल कर ईद की बधाई देकर मिठाई भी पेश की तथा एक-दुसरें को ईद की बधाईयां दी।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कलेक्टर ने आमजन के समाधान के लिए किया 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' पोर्टल लॉन्च

- पोर्टल के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग, 24 घण्टे में निस्तारण के होंगे प्रयास

अलवर। अतुल्य अलवर अभियान के तहत अलवर शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन के नवाचार 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' (एडब्ल्यूएमएस) पोर्टल का जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार से लॉन्च कर पोर्टल अलवर शहरवासियो को समर्पित किया गया।

जिला कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने हेतु इस पोर्टल के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि अतुल्य अलवर वेब पोर्टल पर उपलब्ध अतुल्य अलवर इन एडब्ल्यूएमएस लिंक के माध्यम से आमजन अपनी पेयजल से संबंधित समस्याओं व शिकायतों जैसे पानी नहीं आने, पेयजल लाइन लिकेज, गंदा पानी आने इत्यादि समस्याओं को दर्ज कराने के साथ दर्ज शिकायत के आधार पर उसकी वर्तमान स्थिति को भी जान सकेंगे।

अलवर कलेक्ट्रेट सभागार में अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' पोर्टल लॉन्च करते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला व अधिकारी।

पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को समाधान जलदाय विभाग द्वारा समयबद्ध रूप से किया जाएगा तथा जिला प्रशासन वाररूम द्वारा इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जावेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर अलवर शहर के मुख्य पानी संग्रहण स्थल (ओएचएसआर/ट्यूबवेल) की सूचना भी आमजन की जानकारी हेतु उपलब्ध कराई गई है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पोर्टल पर दर्ज होने वाली सभी शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। प्रयास यह रहे कि शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में ही किया जावे।

उल्लेखनीय है रहे कि इससे पहले जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में जिला प्रशासन ने जिले के नवाचार अतुल्य अलवर अभियान के अंतर्गत क्लीन अलवर के द्वारा शहर की साफ-सफाई संबंधी शिकायतों का निस्तारण, ऑटो टीपर की लाईव लोकेशन तथा अलवर पर्यटन संबंधित पोर्टल व एप लिंक आमजन की सहूलियत के लिए शुरू किया हुआ है जिसका सीधा लाभ आमजन को प्राप्त हो रहा है।

मिनी सचिवालय के कलेक्ट्रेट सभागार में पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग व आम जन की पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान के लिए शुरू किए गए एडब्ल्यूएमएस पोर्टल के शुभांरभ पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर दिनेश वर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद शर्मा एवं उप निदेशक नीतू बसवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध नल कनेक्शनों पर कार्रवाई

नारायणपुर। कस्बे के जयपुर सड़क मार्ग पर स्थित पण्डाला की ढाणी के पास खेंटा में शुक्रवार को जलदाय विभाग ने राइजिंग लाइन में हो रहे अवैध नल कनेक्शनों पर कड़ी कार्रवाई की। बानसूर एईएन विजय कुमार निरवाल की देखरेख में जलदाय विभाग की टीम ने करीब 25 अवैध नल कनेक्शन हटाए। जलदाय विभाग की जेईएन सुशीला सैनी ने बताया कि पिछले कई दिनों से राइजिंग लाइन में अवैध कनेक्शनों की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे कस्बे की एसआर और सीडब्ल्यूआर टंकी में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। ग्रामीण अवैध कनेक्शनों से खेती कर रहे थे, जिससे जल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी।

आम सूचना मेरी अभिभाष्या श्रीमती विदुषी गर्ग धर्म पत्नी स्व. श्री पंकज गर्ग, निवासी 143, गोम डिफेन्स कॉलोनी, खातीपुरा, जयपुर ने अपने आवासीय प्लाट संख्या 143, गोम डिफेन्स कॉलोनी, खातीपुरा, जयपुर का बेचान इकरारनामा दिनांक 01.01.2025 को श्रीमती ममता अग्रवाल पत्नी श्री महेश कुमार अग्रवाल निवासी बी-56, गौतम मार्ग, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर के साथ निष्पादित किया गया है, जिसका सम्पूर्ण प्रतिफल का भुगतान 3 माह मे अदा कर विक्रय पत्र निष्पादन करने की अंतिम तिथि 10.04.2025 है, उक्त तिथि के पश्चात मेरी अभिभाष्या द्वारा निष्पादित इकरारनामा दिनांक 01.01.2025 स्वतः ही निरस्त समझा जावेगा और अग्रिम राशि फोरफीट समझी जाकर मेरी अभिभाष्या स्वय की आवासीय सम्पत्ति को अन्य किसी व्यक्ति को बेचान करने के लिए स्वतंत्र होगी। अतः सूचित रहे श्रीमती ममता अग्रवाल इकरारनामा दिनांक 01.01. 2025 की अनुपालना मे अंतिम तिथि 10.04.2025 को सम्पूर्ण प्रतिफल अदा कर विक्रय रजिस्ट्री पत्र अपने नाम निष्पादन करवा लेवे। सूचित रहे।
जयपुर (मनीष कटारिया) एडवोकेट
दिनांक 4/4/25 मो0 9887722335

NAME CHANGE
I CHANGED MY NAME FROM BRATH KASLIWAL TO BHARAT KASLIWAL HENCE IN FUTURE I SHOULD BE RECOGNIZED FOR ALL PURPOSE (PASSPORTS, ETC) BY MY NEW NAME BHARAT KASLIWAL S/O MAHAVEER KASLIWAL ADDRESS-A 361 TRIVENI NAGAR, GOPALPURA BAIPASS, JAIPUR (RAJ.)

नाम परिवर्तन

मैं आर लोगमानी माताजी आर्मी नं- 15713672K रैंक L/NK ज्याचंद्रन निवासी- पेरियाकट्टनलाई, गांव- चिन्नाकट्टला, जिला- मदुरई, तमिलनाडु ने अपने पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में अपना नाम आर लोगमानी से बदलकर लोगमानी रवींद्रन व जन्मतिथि 30-03-1971 से बदलकर 01-07-1970 कर ली है।

मैं रवींद्रन चिन्नासमय पिता आर्मी नं- 15713672K रैंक L/NK ज्याचंद्रन निवासी- पेरियाकट्टनलाई, गांव- चिन्नाकट्टला, जिला- मदुरई, तमिलनाडु ने अपने पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में अपना नाम सी रवींद्रन से बदलकर रवींद्रन चिन्नासमय व जन्मतिथि 27-05-1967 से बदलकर 01-07-1965 कर ली है।

मैं, जतिन अगनानी पुत्र कमलेश कुमार अगनानी निवासी ई-61, शास्त्रीनगर, जयपुर ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर जतिन कुमार अगनानी रख लिया है।

मैं रश्मी गुप्ता पत्नी श्री अखिल गुप्ता निवासी बी-186 फ्लैट न.6, महल योजना, जगतपुरा, जयपुर। मैंने अपना नाम रश्मी पोपली से बदलकर रश्मी गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे रश्मी गुप्ता के नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम दिनेश कुमार सैनी से बदलकर दिनेश सैनी पुत्र कमल सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता- निवासी- 219, कटला पुरोहित जी का, जौहरी बाजार, जयपुर।

मैं, विनय कुमार शर्मा पुत्र श्री सुरेन्द्र बाबू शर्मा, निवासी मकान नम्बर बी-54, कैलाश मार्ग, सुभाष नगर, जयपुर यह कि मेरे पुत्री अपर्णा शर्मा की अंकतालिका कक्षा 10 एवं 12वीं में मेरा नाम विनय शर्मा दर्ज हो गया जबकि मेरा सही नाम विनय कुमार शर्मा है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम विनय कुमार शर्मा के नाम से जाना जावे।

मैंने मेरा नाम विष्णु सोनी से बदलकर विष्णु कुमार सोनी पुत्र स्वर्गीय श्री विमल सोनी कर लिया है। भविष्य मैं मुझे इसी नाम से जाना जावे। पताः 149, आश्रय हाइट्स, फ्लैट नंबर-101, विकास नगर, अजमेर रोड, जयपुर-302021

प्रतिभाओं का होगा सम्मान समारोह

फुलेरा। कस्बे में आगामी 11 अप्रैल को सामाजिक और शैक्षिणक क्रांति के अग्रदूत, पिछड़े वर्ग के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती माली (सैनी) समाज संस्थान एवं महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था फुलेरा के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम से मनाई जाएगी। इसी परिपेक्ष्य में क्षेत्र के श्रीरामनगर स्थित माली समाज भवन में पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें फुले जयंती को धूमधाम से मनाने पर चर्चा हुई।

उक्त बैठक में सर्वसहमति से बालाजी रोड स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल पर 11 अप्रैल को प्रातः 9 बजे आयोजन किया जाएगा। जिसमें माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में सर्व समाज की 90 प्रतिशत एवं इससे उच्च अंक प्रतिशत प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।इस अवसर पर पार्षद आशा सैनी, अमर चन्द सैनी, मदन गढ़वाल, ताराचन्द गढ़वाल, प्रेम तंवर, सूरज सैनी ,रजनीश, गौरीशंकर सैनी, भंवर राजोरा , रामगोपाल गढवाल, सुरेश सैनी, लेखराज सैनी, कैलाश सैनी, धर्मेन्द्र सैनी, राजू काका सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

रामनवमी पर निकलेगी श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

- घर घर भगवा छायेगा, हर घर का सदस्य शोभायात्रा में आयेगा

पावटा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव के पावन अवसर पर 6 अप्रैल 2025 रविवार को पावटा, प्रागपुरा कस्बे मे हिंदू उत्सव समिति द्वारा परंपरा अनुसार विशाल भगवा रैली का आयोजन किया जायेगा। कस्बे को भगवामय , हर गली, चौराहों व सड़कों पर तोरण, झंडे व लाइटिंग से सजाया गया है। कस्बे में जगह-जगह रैली के स्वागत की तैयारियां की जा रही है। सामाजिक व धार्मिक संगठन इस रैली में शामिल होंगे। राजनीतिक दलों ने भी इस रैली में शामिल होने की योजना बनाई है। पावटा कस्बे में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा घंटाघर चौक स्थित सीताराम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए सुभाष चौंक रामभवन स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचेगी।

शोभायात्रा के दौरान धमाकेदार आतिशबाजी, राधा कृष्ण , शंकर पार्वती, महाकाल की विशाल व कलाकारों द्वारा अघोरी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। वही प्रागपुरा में भव्य शोभायात्रा गुंजेडा धाम से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई नगर भ्रमण करती हुई सुभाष चौक प्रागपुरा तक लाखों भक्तों के साथ निकलेगी। इस दौरान 251 श्रीराम जी के निशान, बग्घी घोड़ी के साथ सहनाईया व घुमर नृत्य, नासिक डोल की प्रस्तुति, वृंदावन साधुओं के द्वारा पट्टेबाजी, सौंदर्य एवं धमाकेदार आतिशबाजी, राधा कृष्ण , शंकर पार्वती जी की विशाल झांकी, दिल्ली के कलाकारों द्वारा अघोरी नृत्य, भगवा रंग से प्रागपुरा की सजावट आकर्षण का केंद्र रहेगी। जहां सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के द्वारा पेय पदार्थ और स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था की जाएगी।

महाआरती के पश्चात हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रसाद वितरण का कार्य भी किया जाएगा। प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात ही रैली का समापन होगा। भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली निकाले जाने की तैयारी को लेकर हिंदू उत्सव समिति पावटा, प्रागपुरा द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर जगह जगह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

नगर में आयोजित बैठकों में रामभक्तो ने कहा कि यह श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति, आस्था, उमंग और उल्लास का महापर्व है। सभी कार्यकर्ता राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा की तैयारी में लगे। प्रभु श्रीराम के सात्विक वृत्ति को आगे बढ़ाना है। रावणी वृत्ति, आसुरी वृत्ति, राक्षसी वृत्ति का सम्मन करना हैं। यही यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। वही हिंदू उत्सव समिति प्रागपुरा के कार्यकर्ताओं ने आ ान करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम जन-जन और कण कण में व्याप्त है। उनका जन्मोत्सव जन मानस का लोकोत्सव हैं। लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने का आव्हान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या मे रामभक्त मौजूद रहे।

21 अप्रैल को विशाल भंडारा

पावटा। बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा में 14 अप्रैल सोमवार से श्रीमदभागवत कथा व मानस प्रवचन का आयोजन होगा। आयोजक भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग एवं बाबा भूतनाथ कमेटी जोहड़ा धाम संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा, कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज, रीछपालदास महाराज, मंगलदास महाराज, मंदिर महंत जयरामदास महाराज के कर कमलों द्वारा मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के पावन सान्निध्य एवं बाबा भूतनाथ मंदिर कमेटी पावटा के संयोजन व में 14 अप्रैल सोमवार से श्रीमदभागवत कथा व मानस प्रवचन का वाचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश द्वारा किया जाएगा। शाही लवाजमे के साथ स्वास्थ्य शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक कुलदीप धनकड व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों वे ग्रामीणों की मौजूदगी में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

खोया पाया

मेरी दुकान सं. 55-सी, सैक्टर-10, जोन 103-104, मीरा मार्ग के आवंटन पत्र, कब्जा-पत्र, पजेशन लेटर, अदेय-प्रमाण-पत्र व विक्रय-पत्र कहीं खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। 9414073113

मेरे मकान नंबर 64/340, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर राजस्थान आवासन मंडल का मूल आवंटन पत्र नंबर 2030 दिनांक 31/12/1991 कब्जा पत्र नंबर 2125 दिनांक 13.05.1993 डिक्लेयरेशन दिनांक 21/5/1993 कार्यालय आदेश नंबर 4228 दिनांक 10.10.24, अदेय प्रमाण पत्र नंबर 10248/3201 दिनांक 7.03.2025 प्रताप नगर सेक्टर 6 से खो गए है। मिलने पर सूचित करे। 9982024319

हमारी फर्म मेसर्स गीताजंली होटल्स एवं प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं मैसर्स कंफर्ट लिविंग होटल्स प्राइवेट लिमिटेड की लेखा पुस्तके, आयकर विभाग के असेसमेन्ट रिकार्ड एवं एकाउंट्स से सम्बन्धित कागजात से भरा काले रंग का बैग झोटवाडा से 200 फीट बाईपास के आसपास कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें-9829012303

मेरा मकान सं. 31/409, प्रमाण-पत्र जयपुर का मूल नियमितिकरण फार्म रसीदे, मांग पत्र, जमा राशि रसीद कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क सुधीर शर्मा-9636909906

आवास संख्या 117/99 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। विक्रांत कुमार मो. 7689861088

'गर्मी के मौसम को देखते हुए अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें'

टोंक। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने हीटवेव, अधिक तापमान में मौसमी बीमारियों के उपचार, मेडिकल विभाग की तैयारियों, गर्मी के मौसम में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति, नियमित एवं पर्याप्त जलापूर्ति को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को कोई परेशानी नहीं आएं। उन्होंने नवीन हैंडपंप लगाने, खराब हैंडपंपों की मरम्मत, ट्यूबवेल लगाने के कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर इस माह के अंत तक सभी कार्यों को पूरा करने के लिए जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया। जिले में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से आमजन को मिले इसे लेकर जिला कलेक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों को बिजली लाइनों में सुधार, ट्रांसफार्मर स्थापित एवं बदलने संबंधी कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि विद्युत आपूर्ति में बाधा आने पर एफआरटी कार्मिक सेफ्टी संसाधनों को पहन कर ही कार्य करें। इसकी शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित हो। पीएचईडी को दिए जाने वाले विद्युत कनेक्शनों को प्राथमिकता से पूरा करें। साथ ही, लोड शेडिंग के कारण पेयजल विभाग के पंप हाउस को पानी स्टोरेज की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा की बैठक हुई।

'आमजन तक पहुँचे सरकारी नियमों की जानकारी'

चौंमू / कालाडेरा। ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय, जालसू का जयपुर कलक्ट्रेट के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत ने औचक निरीक्षण कर बताया की राज्य सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु अधिनियम में संशोधन कर आमजन को राहत प्रदान करने का काम किया है। इसकी प्रत्येक व्यक्ति तक जानकारी पहुंचाने व पालना नहीं करने वाले संस्थानों पर कार्यवाही करवाने के बीएसओ को निर्देश दिए। डॉ. सुदीप कुमावत, सहायक निदेशक ने बताया की राज्य सरकार ने जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 (संशोधित) 2023 के क्रम में राजस्थान जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2000 (संशोधित) 2025 में संशोधन कर जन्म और मृत्यु की घटना की सूचना 21 दिवस पश्चात परंतु 30 दिवस के भीतर रजिस्ट्रार को देने पर 20 रूपये विलम्ब शुल्क, घटना की सूचना 30 दिवस पश्चात परंतु वर्ष के भीतर दी जाती है तो 50 रूपये विलम्ब शुल्क तथा घटना की सूचना 1 वर्ष पश्चात दिए जाने पर 100 रूपये विलम्ब शुल्क देने का प्रावधान किया है।

चिकित्सा संस्थानों के द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन में 21 दिवस सें अधिक विलम्ब किये जाने पर अथवा सूचना समय पर नही देने पर 250 रूपये एवं अधिकतम 1000 रूपये की पेनल्टी का प्रावधान किया गया हैं।जन्म-मृत्यु के विलम्बित रजिस्ट्रीकरण में नोटरी सत्यापन को समाप्त किया गया हैं। अपील का प्रावधान किया गया है। यदि प्रार्थी रजिस्ट्रार, जिला रजिस्ट्रार से संतुष्ट नही हैं तो उच्च स्तर पर अपील कर सकता हैं। कार्यक्रम व नीति निर्माण के लिए नियमित समय पर डाटा उपलब्ध होगा। शत प्रतिशत जन्म- मृत्यु की घटनाओं का पंजीयन होगा और ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों को मजबूती मिलेगी।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 78 दिनांक :- 04/04/25

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास / फ्लैट संख्या 61/174 (MIG-B) का आवंटन श्री सीताराम शर्मा पुत्र श्री लल्लु राम शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 163 दिनांक 20-04-1995 को जारी किया गया था। उनके पक्ष मे पंजीयन पत्रो निष्पादन दिनांक 26.09.2002 को कर दिया गया।
श्री सीताराम शर्मा द्वारा उक्त आवास के तीन कमरे, हॉल, एक रसोई, लेटबाथ तथा खाली भूमि तथा बिना छत एवं गैलेरी व जीना श्रीमती डेजी एलैक्स पत्नी श्री एलैक्स को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 07.05.2004 को उप पंजीयक जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया।
श्री सीताराम शर्मा की मृत्यु उपरान्त उनके वारिसान श्रीमती रजनी शर्मा पत्नी स्व. श्री सीताराम शर्मा, श्री प्रशान्त खाण्डल एवं श्री नवीन कुमार खाण्डल पुत्रान् स्व. श्री सीताराम शर्मा द्वारा उक्त आवास के सम्पूर्ण हिस्सा मय छत पर श्रीमती डेजी एलैक्स पत्नी श्री एलैक्स को दिनांक 19.05.2014 को उप पंजीयक सांगानेर द्वितीय जयपुर मे मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया।
श्रीमती डेजी एलैक्स द्वारा उक्त आवास का बिना छत एवं गैलेरी व कॉमन जीना श्रीमती शिम्मी मोल मैथ्यू पुत्री श्री मैथ्यू को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 23.05.2014 को उप पंजीयक द्वितीय जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया।
श्रीमती शिम्मी मोल मैथ्य एवं श्रीमती डेजी एलैक्स द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त सम्पूर्ण आवास का विक्रय पत्र श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री चेतन प्रकाश दाधिच को दिनांक 12.02.2025 को विक्रय कर विक्रय पत्र उप पंजीयक द्वादश जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री चेतन प्रकाश दाधिच द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।
अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री चेतन प्रकाश दाधिच का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांकः ज.वि.प्रा./उपा. / जोन-8/2025/डी-66 **विज्ञप्ति** दिनांकः 23.03.2025

आवेदक श्री प्रभूदयाल पुत्र श्री खुन्नी राम द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निजी खातेदारी की योजना नारायण विहार एस ब्लॉक के भूखण्ड संख्या 162-ए क्षेत्रफल 100 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। निजी खातेदारी की योजना नारायण विहार एस ब्लॉक के भूखण्ड संख्या 162 क्षेत्रफल 200 व.ग. की लीजडीड श्री मुकेश चंद गुप्ता पुत्र श्री सेडमल गुप्ता के नाम जारी की गई। तत्पश्चात् इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान श्री भवानी कुमार शाह पुत्र श्री के.एल. शाह को किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का उपविभाजन किये जाने पर कार्यालय द्वारा श्री भवानी कुमार शाह पुत्र श्री के. एल. शाह के नाम उपविभाजन/नाम हस्तान्तरण पत्रांक डी-1586 दिनांक 08.05.2012 जारी किया जा चुका है। तत्पश्चात् इनके द्वारा दिनांक 22.06. 2012 को नियुक्त रजि. मु.आम.धारक श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा दिनांक 04.12.2012 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उपविभाजित भूखण्ड संख्या 162-ए क्षेत्रफल 100 व.ग. का बैचान श्री चेतन कुमार विजयवर्गीय पुत्र स्व. श्री मगन् लाल को किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा दिनांक 02.07.2020 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उपविभाजित भूखण्ड संख्या 162-ए क्षेत्रफल 100 व.ग. का बैचान आवेदक श्री प्रभूदयाल पुत्र श्री खुन्नी राम को किया गया।
इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-8,ज.वि.प्रा., जयपुर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.) (जिला-टोंक)
क्रमांक : का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू/2025-26/119 प्ररूप 10 (नियम 6 (7) देखिए) दिनांक : 04/4/2025

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई
लोक सूचना

श्री / श्रीमति भरत लाल पुत्र श्री कैलाश चंद मीणा निवासी ठाम खेड़ा पोस्ट बहड तह0 निवाई व रोशन मीणा पत्नी प्रभुलाल मीणा निवासी ठाम जानकी वल्लभपुरा पोस्ट कठमाणा तह0 पीपलू जिला टोंक राजस्थान ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक से (आवासीय प्रयोजनार्थ) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

क्र.सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम	खसरा न.	क्षेत्र
1	तह. निवाई जिला टोंक	निवाई	5711/3053	1.1002 हेक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा